# 1. आंकलन कैसे कार्य करता है) How assessment works)

यदि आपको घर पर मूलभूत कार्यों या और अधिक गहन वृद्ध देखभाल सेवाओं के साथ कुछ मदद की ज़रूरत है, तो मेरी वृद्ध देखभाल संपर्क केंद्र (My Aged Care Contact Centre - 1800 200 422) आपकी मदद कर सकता है। संपर्क केंद्र के कर्मचारी आपके लिए आवश्यक समर्थन, और क्या आपको सेवाओं का उपयोग करने के लिए एक स्वतंत्र आंकलन की आवश्यकता है, यह पता लगाने में आपकी मदद करेंगे।

कुछ लोग आंकलन के विचार को लेकर चिंतित होते हैं, लेकिन यह केवल इस बात का पता करने का एक तरीका होता है कि आपको कितनी सहायता और किस प्रकार की देखभाल और सेवाओं की आवश्यकता है और क्या आप इनके लिए पात्र या नहीं यह सब इस बात का पता लगाने के बारे में है कि आपके लिए सबसे अच्छा क्या है।

यह याद रखें कि आपकी इच्छाओं को हमेशा सुना जाता है और उनपर विचार किया जाता है, और आपको कभी भी अपने मूल्यांकन के दौरान अपने भविष्य के बारे में कोई भी निर्णय लेने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा। आंकलन विकल्पों की पहचान करने के लिए एक अवसर होता है और जब आपको अपने आंकलन का परिणाम प्राप्त हो जाए, तो आप एक निर्णय ले सकते/सकती हैं। आप अपने साथ अतिरिक्त समर्थन के लिए अपने आंकलन में किसी अन्य व्यक्ति को भी ला सकते/सकती हैं - शायद परिवार का कोई सदस्य, दोस्त, या आपका देखभालकर्ता।

## आंकलन की प्रक्रिया

यदि आप वृद्ध देखभाल सेवा का उपयोग करने के लिए सहायता माँग रहे/रही हैं, तो संपर्क केंद्र (Contact Centre) के कर्मचारी आपको मेरी वृद्ध देखभाल (My Aged Care) में पंजीकृत करेंगे। आप 1800 200 422 पर संपर्क केंद्र को कॉल कर सकते/सकती हैं।

मेरी वृद्ध देखभाल संपर्क केंद्र के कर्मचारी आपकी आवश्यकताओं को समझने के लिए आपसे कई सवाल पूछेंगे। वे आपसे इस बारे में सवाल पूछेंगे कि आपको वर्तमान में कैसा समर्थन प्राप्त हो रहा है, क्या आपको अपने स्वास्थ्य को लेकर कोई चिंताएँ हैं, आप घर में कार्य-कलापों का प्रबंधन कैसे कर रहे/रही हैं, और वे घर में आपकी सुरक्षा से संबंधित कुछ सवाल भी आपसे पूछेंगे।

बातचीत के दौरान वे आपसे कुछ विकल्पों के बारे में चर्चा करेंगे, जिनमें एक गृह समर्थन आंकलन, एक व्यापक आंकलन या सीधे सेवाओं के पास (जहाँ उचित हो) निर्दिष्ट किया जाना शामिल हो सकता है।

## गृह समर्थन आंकलन

यदि आपकी ऐसी कुछ वृद्ध देखभाल आवश्यकताएँ हैं जिन्हें संबोधित करने का मतलब यह होगा कि आप सुरक्षित रूप से घर पर और अपने समुदाय में रह सकते/सकती हैं, तो एक गृह समर्थन आंकलन का आयोजन किया जा सकता है। गृह समर्थन आंकलन उस जानकारी पर आधारित होता है जिसे आपने पहले से ही मेरी वृद्ध देखभाल को उपलब्ध कराया होता है। गृह समर्थन आंकलन मेरी वृद्ध देखभाल क्षेत्रीय आंकलन सेवा के एक स्थानीय आंकलनकर्ता द्वारा किया जाएगा।

## वृद्ध देखभाल आंकलन टीम (Aged Care Assessment Team -ACAT)

यदि आपको जटिल वृद्ध देखभाल की ज़रूरत है और आप घर में बने रहने में मदद के लिए सेवाओं का उपयोग करना चाहते/चाहती हैं, या आप एक वृद्ध देखभाल घर में जाने पर विचार कर रहे/रही हैं, तो एक व्यापक ACAT आंकलन का आयोजन किया जा सकता है। यदि आप अस्पताल छोड़ने के लिए तैयार हैं, या यदि आपको एक वृद्ध देखभाल घर में थोड़े समय के लिए देखभाल (राहत देखभाल) की ज़रूरत है, तो भी एक व्यापक आंकलन का आयोजन किया जा सकता है। व्यापक आंकलन आपके द्वारा पहले से ही मेरी वृद्ध देखभाल को उपलब्ध कराई गई जानकारी पर आधारित होता है, और इसे वृद्ध देखभाल आंकलन टीम (Aged Care Assessment Team) के एक सदस्य द्वारा सँचालित किया जाएगा। व्यापक आंकलन यह निर्धारित करते हैं कि क्या आप वृद्ध देखभाल सेवाओं के लिए पात्र हैं या नहीं, जैसेकि गृह देखभाल पैकेज (Home Care Packages), किसी वृद्ध देखभाल गृह में स्थाई या राहत की देखभाल, या अवस्थांतर देखभाल (Transition Care)।

---

मेरी वृद्ध देखभाल 1800 200 422

अनुवाद और दुभाषिया सेवाएँ (टीआईएस) 131 450